एक नजर में

पंचमुखी रूप में सजे लवखेड़ी सरकार, भंडारे में हजारों लोगो ने ग्रहण की प्रसादी



घट्टिया। सुप्रसिद्ध लवखेड़ी हनुमान मंदिर पर हनुमान अष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। शुक्रवार को दो दिवसीय राम रामायण हवनात्मक महायज्ञ की पूर्णाहुति पश्चात दोपहर से देर रात तक भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में आसपास सहित दूर दूर से आए श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। पुजारी संजय शर्मा ने बताया कि अभिषेक पूजन अर्चन कर लवखेड़ी सरकार हनुमानजी का आकर्षक पंचमुखी रूप श्रृंगार किया गया। अल सुबह से ही दर्शनार्थियों की भीड़ रही। संगीतमय सुंदरकांड के आयोजन के साथ संध्या में आतिशबाज़ी के साथ आकर्षक कांकड़ आरती उतारकर प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर में विराजित प्रभु श्रीराम दरबार, शिव पार्वती भगवान, महिषासुर मर्दिनी माता का भी आकर्षक श्रृंगार किया गया।

भूमिपूजन में जनपद अध्यक्ष को आमंत्रित नहीं कर प्रोटोकॉल का ग्राम पंचायत सचिव ने किया उल्लंघन : शर्मा

खाचरौद। जनपद पंचायत सदस्य विकास शर्मा ने जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत सीईओ को पत्र लिखकर अवगत कराया कि मध्य प्रदेश त्रिस्तरीय पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत जनपद, जिला पंचायत के निर्वाचित पदाधिकारियों को शासन की विभिन्न योजना, निर्माण कार्य आदि के भूमिपूजन, लोकार्पण कार्यक्रम में प्रोटोकॉल के तहत आमंत्रित किया जाना अनिवार्य रहता हैं। लेकिन ग्राम पंचायत फर्नाखेड़ी के सचिव द्वारा गत दिनों अटल पंचायत भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में न तो उस वार्ड के जनपद सदस्य को आमंत्रित किया ओर न ही जनपद अध्यक्ष को बुलाया गया जो सरासर प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है । शर्मा ने जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत सीईओ से पंचायत सचिव गोपाल परमार के खिलाफ प्रोटोकॉल उल्लंघन की कार्रवाई करने की मांग कि है ताकि भविष्य में अन्य ग्राम पंचायतों में इस तरह की पुनरावृति न हो।

बसंत पैलेस एवं दीपिका टॉकीज मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

नागदा। चर्चित बसंत पैलेस होटल एवं दीपिका टॉकीज की बेशकीमती संपत्ति को बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अन्य व्यक्तियों को हस्तांतरित किए जाने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। याचिकाकर्ता बालेश्वर दयाल जायसवाल द्वारा दायर याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय ने बैंक ऑफ इंडिया एवं संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जानकारी के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय ने प्रस्तुत याचिका पर शुक्रवार को न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथ की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता पक्ष की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ भटनागर, अमोल चितले एवं प्रिंस पवैया उपस्थित हुए। न्यायालय ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद अनावेदक पक्षों बैंक ऑफ इंडिया एवं अन्य को नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए हैं। पिछले पखवाड़े से शहर में बसंत पैलेस एवं दीपिका टॉकीज की संपत्ति के अन्य लोगों के कब्जे में जाने और हस्तांतरण से संबंधित चर्चा ज़ोरों पर थी। याचिकाकर्ता ने इस संपूर्ण प्रक्रिया को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (सी) क्रमांक 35103/2025 के माध्यम से मामला प्रस्तुत किया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नोटिस जारी होने के बाद यह मामला न्यायिक विचाराधीन (सब ज्युडिस) हो गया है। ऐसे में संपत्ति के किसी भी प्रकार के आगे के हस्तांतरण की प्रक्रिया न्यायालयीन दायरे में आने के कारण स्वाभाविक रूप से प्रतिबंधित मानी जा रही है। न्यायालय द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद अब अगले चरण में अनावेदक पक्षों को अपने जवाब प्रस्तुत करने होंगे। इसके बाद मामले की अगली सुनवाई में न्यायालय आगे की दिशा तय करेगा।

अभिभाषक संघ नागदा निर्वाचन में अध्यक्ष पद हेतु तीन उम्मीदवार मैदान में, 17 को मतदान

नागदा। अभिभाषक संघ नागदा के 17 दिसम्बर को होने वाले मतदान को लेकर नाम निर्देशन पत्र वापस लेने की अंतिम तारीख बीतने के बाद अध्यक्ष पद हेतु 3 उम्मीदवार मैदान में शेष बचे हैं। शुक्रवार को नाम वापसी अंतिम तारीख थी। अध्यक्ष पद हेतु जो तीन उम्मीदवार मैदान में हैं उनमें अभिभाषक विजय वर्मा, रमेशचन्द्र चंदेल एवं नरेन्द्रसिंह सिसौदिया प्रमुख हैं। गौरतलब है कि विजय वर्मा विगत 2 बार से अध्यक्ष पद का चुनाव जीतते आ रहे हैं, इससे पूर्व कुछ माह के लिए वह तदर्थ समिति के संयोजक भी रहे हैं। वहीं नरेन्द्रसिंह सिसौदिया पूर्व में दो बार अध्यक्ष पद का चुनाव डल चुके हैं एक बार वर्ष 2006-08 में अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए तथा अगले 2008 के निर्वाचन में वह सफल नहीं हो पाऐ थे। नाम वापसी के बाद दोपहर 3 बजे से मैदान में खडे प्रत्याशीयों ने न्यायालय परिसर में प्रचार-प्रसार भी प्रारंभ कर दिया है। निर्वाचन अधिकारी का दायित्व अभिभाषक लक्ष्मीनारायण लौहडवाल एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रवीण चौहान, लक्ष्मण सुंदरा पर हैं।

डॉग हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण, श्वानों की नसबंदी होगी

नागदा जं. निप्र। नगरपालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत के मार्गदर्शन में अटल गार्डन में डॉग हाउस का निर्माण किया गया, ताकि श्वानों की नसबंदी की जा सके। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत ने बताया कि श्वानों की क्रुरता को रोकने के लिए पशुक्रुरता अधिनियम एवं नगरपालिका अधिनियम के तहत डॉग हाउस का निर्माण कर एजेंसी को ठेका दिया गया है। एजेंसी के कर्मचारी जिस स्थान से श्वान को पकडने उस जगह से वीडियो ग्राफी कर डॉग हाउस तक लाया जाएगा, डॉग हाउस में नसबंदी के बाद लगभग एक सप्ताह तक निगरानी में रखा जाएगा, इसके बाद श्वान को सुरक्षित उसी स्थान पर छोड़ा जाएगा।

नगरपालिका टीम ने मार्गो से अतिक्रमण हटाया

नागदा जं. निप्र। नगर में आवागमन सुचारू रखने और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका की अतिक्रमण टीम ने शुक्रवार को जवाहर मार्ग और महात्मा गांधी मार्ग पर कार्रवाई करते हुए दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटवाया। टीम ने कई व्यापारियों को स्थल पर ही हिदायत दी तथा नियम विरुद्ध रखे गए सामान को अपने कब्जे में लिया। अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के दौरान नगरपालिका द्वारा कई दुकानों से सामान जप्त किया गया जिनमें श्रीनाथ दुकान, आशीर्वाद से बोर्ड, जगदीश मेहता की दुकान से सिलाई मशीन, गैस चूल्हा, कपिल तिवारी की दुकान से सिलाई मशीन, गैस चूल्हा, तेजा माली की दुकान से फूल की पोटली, 'संजू माली की दुकान से फूल की पोटली जप्त की गई। सोलंकी की दुकान को चेतावनी दी गई कि यदि आगे भी सामान मार्ग पर रखा गया तो उसे जप्त कर चालानी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान नगरपालिका टीम ने नियमों का उल्लंघन करने पर दिनेश राठौर, दरबार चाय, सुनील, भय्यू भाई सहित कई दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की।

जितना हो सके अपने दादा-दादी, माता-पिता परिवार के साथ समय बिताएं : नाहर

नागदा। जितना हो सके अपने दादा-दादी, माता-पिता परिवार के साथ समय बिताये, न जाने कौन सा पल किसकी जिंदगी का आखरी पल हो। यह बात अनुज नाहर ने स्व. नानालालजी नाहर के भावंजली कार्यक्रम में कही। शुक्रवार को ज्योतिश्री गार्डन में कई वक्ताओ ने दी शब्दो के माध्यम से श्री नाहर को श्रद्धांजली दी। कार्यक्रम में सकल जैन श्रीसंघ के साथ ही अन्य कई समाजप्रमुखो द्वारा श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर सकल जैन श्रीसंघ अध्यक्ष राजेन्द्र कांठेड़, स्थानाकवासी ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष रवि कांठेड, मुर्तिपूजक जैन श्रीसंघ अध्यक्ष मनीष वोरा, स्थानकवासी संघ अध्यक्ष प्रकाश लुणावत, दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष सुनील जैन, स्नेह संस्थापक अध्यक्ष पंकजजी मारू, जीएल त्रिवेदी, हरीश तिवारी, अनुशा दलाल, शशि मारू, हर्ष दलाल, निधि नाहर, प्रशांत नाहर, अनुज नाहर, जैन सोश्यल ग्रुप अध्यक्ष धर्मेंद्र बम, राजेन्द्र जी चोरडिया, सुभाष छोरिया, बाबुलालजी नाहर जावरा सहित कई गणमान्य नागरिको ने भावांजलि कार्यक्रम में स्व. नाहर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

हनुमान अष्टमी पर्व बना यादगार, नगर सेठ श्री रणजीत हनुमान मंदिर में चले धार्मिक आयोजन

▸ **प्रभात फेरी और विशाल भंडारा रहा ऐतिहासिक**

महिदपुर। नगरवासियों के लिए इस वर्ष की हनुमान अष्टमी बेहद यादगार रही। नगर के मध्य चौक बाजार स्थित नगर सेठ श्री रणजीत हनुमान मंदिर में 7 से 12 दिसंबर तक विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित प्रभात फेरी और विशाल भंडारा ऐतिहासिक रूप से सफल रहा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

सुबह चौक बाजार से प्रभात फेरी की शुरुआत हुई, जिसमें सुसज्जित रथ पर विराजमान श्री रणजीत हनुमान जी नगर भ्रमण पर निकले। सबसे आगे डीजे की धुन पर महिला मंडल भजन-कीर्तन करते हुए नृत्य कर रही थीं। भगवान के विभिन्न स्वरूपों में सजे नन्हे बच्चे श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित कर रहे थे। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भक्तों ने प्रभात फेरी का स्वागत किया। प्रभात फेरी का समापन पुन: चौक बाजार में हुआ, जहां स्वर्गीय नाथूलाल शर्मा की स्मृति में नवनिर्मित पालकी, रथ के लाभार्थी वासुदेव, पुरुषोत्तम शर्मा तथा मंदिर पुजारी सत्यनारायण रावल का साफा बांधकर सम्मान किया गया।

दोपहर में आसपास के ग्रामों से आए झंडों का पूजन कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात पं. अंकित रावल ने महाआरती सम्पन्न कराई। महाआरती के बाद शुरू हुए विशाल भंडारे के लिए चौक बाजार क्षेत्र को तीन जोन में विभाजित कर व्यवस्थाएँ की गईं।

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी भोजन परोसने और सेवा कार्य में उत्साह के साथ लगे रहे। देर रात तक चले भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। संचालन कार्य कमल राठी, विजय चौधरी, पीयूष राठी, डॉ. विपुल धाड़ीवाल आदि ने किया. विहिप, बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने भी सेवा दी। अंत में नगर सेठ श्री रणजीत हनुमान मंदिर भक्त मंडल ने सभी सहयोगियों, पुलिस, प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

निरंकारी राजपिता रमितजी की छत्रछाया में होगा नार्थ ईस्ट निरंकारी संत समागम

उज्जैन। बंगाल की इस्पात नगरी दुर्गापुर की धरती पर पहली बार सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित की छत्रछाया में नार्थ ईस्ट निरंकारी संत समागम का आयोजन होने जा रहा है। उज्जैन सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश एवं बंगाल के कोलकाता, सिलीगुड़ी, ओडीसा, झारखंड, बिहार राज्य के हजारों की संख्या में निरंकारी श्रद्धालु पहुंचेंगे। संयोजक विनोद गज्जर ने बताया कि दुर्गापुर 'सागरभांगा स्पोर्टिंग क्लब ग्राउंड में 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले निरंकारी संत समागम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें एक साथ 50 हजार से भी ज्यादा निरंकारी एक साथ बैठकर माताजी के सानिध्य में नर पूजा, नारायण पूजा की जीती जागती मिशाल पेश करेंगे। आपने बताया कि दुर्गापुर इस्पात नगरी में पहली बार नार्थ इस्ट का संत समागम हो रहा है, जहां सभी धर्म, भाषा, के श्रद्धालु एक साथ बैठकर एक गुलदस्ता बनकर बिना भेदभाव के नर पूजा नारायण पूजा रूप प्रदर्शित करेंगे। उन्होंने बताया कि बर्द्धवान जोन के इंचार्ज निमाई चंद साव के देखरेख में स्थानीय स्तर पर व्यवस्था की जा रही है। पिछले एक माह से दुर्गापुर, बर्नपुर, आसनसोल, कोलकाता, चंदीगढ़, पंजाब, दिल्ली के सैंकड़ों श्रद्धालु सेवा कार्य में भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि समागम की तैयारी में जिला प्रशासन, पुलिस कमिश्नरेट, स्थानीय पुलिस, नगर निगम, एडीडीए, बिजली विभाग स्थानीय समाज सेवियों का निरंतर सहयोग मिल रहा है। सभी निरंकारी भक्तों से आग्रह किया कि 21 दिसंबर रविवार को संत समागम में उपस्थित होकर सद्गुरु माताजी का अमृतमयी संदेश को सुने। श्रध्दालुओं के लिए होगा लंगर, हजारों श्रध्दालुओं की बैठने की रहेगी व्यवस्था

विनोद गज्जर ने बताया कि समागम में आनेवाले श्रद्धालुओं के लिए दिल्ली से काफी संख्या में कुर्सी, गलीचा समागम ग्राउंड में पहुंचा, ताकि समागम में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को बैठने में दिक्कतें ना हो। समागम के दौरान समागम मैदान में हजारों की संख्या में एक साथ लंगर (प्रसाद) खाएंगे। लंगर बनाने के लिए एक साथ डेढ़ क्विंटल चावल पकाने के लिए दर्जनों की संख्या में कड़ाही, आटा गुथने के लिए मशीन निरंकारी मंडल से समागम मैदान पहुंचा।

वेब डेवलपमेंट प्रशिक्षण से संवारें अपना भविष्य : कलेक्टर

बड़नगर। गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर रोनक कुमार सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वेब डबलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम से आप अपना भविष्य सुधार सकते हैं।

महाविद्यालयीन शिक्षा के साथ-साथ हमें विभिन्न प्रकार की स्किल्स सीखने की आवश्यकता है। इस तरह की प्रशिक्षण कार्यक्रम में रूचि लेकर अधिक से अधिक छात्रों को इसका लाभ लेना चाहिए एवं भविष्य में आप को विभिन्न तरह की एडवांस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर लाभ लें। शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की रोजगार मुलक योजना का संचालन किया जा रहा है जिनके माध्यम से भी अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं। शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ लेकर अपने भविष्य को संवारे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी छात्रों को कलेक्टर द्वारा प्रमाण पत्र एवं बैग वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन श्रेयांस कुमट, अनुविभागीय अधिकारी धीरेन्द्र पाराशर, आदि अधिकारी उपस्थित रहे। प्राचार्य सुनील उदिबाल द्वारा पीएम उषा परियोजना अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं महाविद्यालय के प्रगति एवं विकास कार्यों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर प्रोफ़ेसर किरण मंडलोई, प्रोफ़ेसर कविता मांडरे, प्रोफ़ेसर सुनीता कुमावत, डॉ. शाहीन खान, प्रोफ़ेसर कविता नागर, प्रो. तनुजा श्रीवास्तव, प्रोफ़ेसर मनोहर निगवाल, प्रोफेसर अनिमेष शर्मा, प्रो. राधारानी आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय अश्विनी शर्मा द्वारा किया गया।

संकटमोचन हनुमानजी की महाआरती

घट्टिया। पुलिस थाना परिसर स्थित हाटकेशवर मंदिर स्थित श्री संकट मोचन हनुमान का रुद्राभिषेक पाठ कर महाआरती उतारकर प्रसाद वितरण किया। आरती का लाभ पुजारी पं संजय व्यास, मोहित, डॉ. गोपालकृष्ण नागर, मोहन दास बैरागी आदि ने लिया।

हनुमान अष्टमी पर शहर में हुए विभिन्न आयोजन-नागदा। हनुमान अष्टमी पर्व शुक्रवार को धुमधाम से मनाया गया। शहर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही धार्मिक आयोजन हुए। नगर से एक यात्रा भी प्राचीन हनुमान मंदिर के लिए निकली। आस-पास के गांवों में भी आयोजन हुए। श्रृद्धालु का सुबह से ही मंदिरों में जाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था जो देर रात तक चलता रहा। कहीं अभिषेक, श्रृंगार, सुन्दरकाण्ड, हनुमान चालीसा का पाठ व बजरंग कीर्तन हुए। इस मौके पर मंदिरों पर आकर्षक विद्युत सजावट भी की गई। कार्यक्रम में बडी संख्या में भक्तों ने धर्मलाभ लिया।

इंगोरिया रोड स्थित खडे हनुमानजी मंदिर पर भव्य आयोजन हुआ। कहा जाता है कि यहाँ पर विराजित 57 फीट उंची हनुमानजी की प्रतिमा प्रदेश में सबसे उंची प्रतिमा हैं। यहाँ पर 11 हजार हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। सुबह 7.30 बजे हनुमानजी का श्रृंगार व उसके बाद आरती तथा भजन हुए। शाम 5 बजे सुन्दरकाण्ड का पाठ हुआ, सायं 7.30 बजे कीर्तन व हनुमान चालिसा का पाठ हुआ। आरती में 100 झांझ, 20 ताशे, 5 नोबत एवं नगाडे आदि बजा कर श्रृद्धालुओं ने धर्ममय वातावरण कर दिया। आरती में उज्जैन महांकाल से आऐ नागचन्द्रेश्वर भक्त मण्डल द्वारा डमरू निनाद भी किया गया। पर्व को लेकर मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई। हनुमान अष्टमी पर शहर के विभिन्न मंदिर दशहरा मैदान स्थित हनुमानजी मंदिर, हनुमान डेम स्थित हनुमानजी मंदिर, नायन डेम स्थित त्यागजी के आश्रम, डेलनपुर स्थित हनुमानजी मंदिर सहित अन्य स्थानों पर भी आयोजन हुए।

नगर से निकली पैदल यात्रा

शहर से लगभग 24 किलोमीटर दूर ग्राम नरेडी स्थित प्राचीन हनुमानजी मंदिर के लिए नगर से एक पैदल यात्रा निकाली गई। यात्रा सुबह 9 बजे चिकित्सालय मार्ग स्थित शिव हुनमान मंदिर से प्रारंभ हुई। जो नगर के प्रमुख मार्ग रामसहाय मार्ग, गुर्जर मोहल्ला चौराहा, तिलक मार्ग, थाना चौराहा, चंबल मार्ग, पुरानी नगर पालिका चौराहा, ईदगाह रोड, टावर रोड, खाचरौद नाके होते हुई गांव नरेडी के लिए प्रस्थान किया। यात्रा गांव भगतपुरी, उमरना, बुरानाबाद, चौकी, खाचरौद, होते हुए शाम 5 बजे गांव नरेडी पहुँची। यहाँ पर आरती कर प्रसादी वितरण किया गयां नागदा में यात्रा रवाना होने के पूर्व शिव हनुमान मंदिर पर आरती की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक लालसिंह राणावत, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश गेहलोत, भाजपा नेता सीएम अतुल, रामसिंह शेखावत, यशपाल कुशवाह, पवन गुर्जर, श्रीराम शर्मा सहित बडी संख्या में श्रृद्धालु मौजुद थे। सबसे आगे गुना से आऐ महंत बालकदास महाराज ध्वजा लेकर चल रहे थे। यात्रा का आयोजन जय महादेव भक्त मण्डल की अगुवाई में यात्रा संयोजक पंडित ओमप्रकाश उपाध्याय व सुबोध स्वामी के तत्वाधान में किया गया। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। बताया जाता है कि गांव नरेडी में स्थित हनुमानजी मंदिर की स्थापना हजारों वर्ष पूर्व छत्रपती शिवाजी महाराज के गुरू स्वामी रामदास महाराज ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पैदल यात्रा के दौरान की थी। उस समय वे गांव नरेडी से गुजरे थे।

7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण की पूर्णाहुति

उज्जैन। पंचकोशी यात्रा के प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल पर हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास अति प्राचीन श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण की पूर्णाहुति महाप्रसादी भंडारे के साथ हुई। बाल संत केशव महाराज नर्मदा पुरम के मुखारविंद से भक्तों ने आनंदपूर्वक भागवतजी सुनी। सातों दिवस कन्या पूजन कर कन्या भोज हिरदेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर कराया गया। सभी भक्तों ने तन मन धन से भक्ति के साथ सातवें दिन महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि युवा मंच सत्संग समिति एवं श्री हिरदेश्वर कल्याण सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में अंतिम दिवस महाराज ने कृष्ण सुदामा चरित्र का वर्णन किया। कथा के माध्यम से कृष्ण रुक्मणी का विवाह उल्लास उमंग के साथ संपन्न हुआ। 7 दिनों तक कथा में मंच अध्यक्ष मनोहर परमार, उपाध्यक्ष महेश सोनोने, सचिव विजय तिवारी, सहसचिव पारस कुमार जैन, मंदिर पुजारी मंच कोषाध्यक्ष पंडित संतोष शर्मा, कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र जैन, अशोक कपूर, मंच के वरिष्ठजन बाबूलाल मारोठिया, लीलाधर आड़तिया, शिवनारायण जागीरदार, महेंद्र रामी, ओम आरोड़, महेश शर्मा, दीपक राव, गणपत राणा, किशोर भाटी सहित महिला मंच की वरिष्ठ पदाधिकारी संयोजक गीताबेन रामी, अध्यक्ष पिंकी यादव, सचिव लक्ष्मी लश्करी, योगिता, निशा, नीता राठौर, सुनीता सोनाने, राजू बागरवाल, सविता शर्मा, कविता राय, सविता कपूर, रेखा भंवर आदि ने सेवाएं दी।

प्राइवेट पार्ट काटने के 18 माह पुराने मामले में 10 साल की सजा एवं अर्थ दंड

महिदपुर। 17 जून 2024 को फरियादी अंकित अपने मित्र अभियुक्त भैरुदास के साथ ठेकेदार के पिकअप वाहन क्रमांक आरजे-09/जीबी 8436 से अपने मित्र हेमेन्द्र सिंह से मिलने उज्जैन गया था। फरियादी और उसका मित्र अभियुक्त भैरुदास 18 जून 2024 को सुबह उज्जैन से निकले थे तथा प्रात: 7 बजे लगभग ग्राम चोरवास बड़ला कच्चे रास्ते पर अभियुक्त भैरुदास द्वारा बाथरूम जाने का कहने पर फरियादी ने गाड़ी रोक दी थी।

दोनों ने बाथरुम की और बाथरूम करने के बाद फरियादी अंकित गाड़ी में बैठ गया। अभियुक्त भैरुदास गाड़ी के पीछे गया और फिर फरियादी के पास आकर बोला कि गाड़ी में दिक्कत है। फरियादी अंकित गाड़ी के बाहर आकर देख रहा था तभी अभियुक्त भैरुदास ने फरियादी से कहा कि वह उसकी गर्लफ्रेंड को मिलने से मना क्यों किया और गर्लफ्रेण्ड का नाम क्यों लेता है। इस बात को लेकर अभियुक्त भैरुदास फरियादी अंकित को मां-बहन की गालियां देने लगा। फरियादी ने गालियां देने से मना किया तो अभियुक्त भैरुदास ने पिकअप वाहन में रखा लोहे का पाइप निकालकर फरियादी अंकित के सिर के पीछे तथा बांये हाथ में मारा जिससे फरियादी को चोट आई और फरियादी गिर गया तो अभियुक्त भैरुदास ने चाकू से फरियादी अंकित का प्रायवेट पार्ट काट दिया। फरियादी ने भागते हुए चिल्ला चोट करने पर वहीं पास के गांव के लोग आ गये जिन्होंने बीच-बचाव किया। अभियुक्त भेरूदास ने फरियादी अंकित को जान से खत्म कर देने की धमकी भी दी और पिकअप वाहन से भाग गया। किसी के द्वारा एम्बुलेंस वाहन को फोन करने पर फरियादी अंकित को एम्बुलेंस वाहन से शासकीय अस्पताल महिदपुर लाया गया। जहां डॉक्टर ले अंकित का परीक्षण कर सहायक उप निरीक्षक शांतिलाल भण्डारी द्वारा आहत अंकित के बताये अनुसार लेखबद्ध की गई।

एक नजर | **महिलाओं निवेशकों के लिए सलाहकारी अनुशासन, गवर्नेंस ढांचे और सरलता को किया मज़बूत**

धनवेस्टर ने 2026 की रणनीतिक रोडमैप का अनावरण किया

उज्जैन। भारत के महिला-नेतृत्व वाले पोर्टफोलियो प्रबंधन और म्यूचुअल फंड वितरण प्लेटफॉर्म धनवेस्टर ने आज अपने 2026 के रणनीतिक रोडमैप की घोषणा की, जो महिलाओं के लिए एक भरोसे-आधारित, उपयुक्तता-केन्द्रित वेल्थ इकोसिस्टम तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है। यह रोडमैप सलाहकारी प्रक्रियाओं, गवर्नेंस मानकों और निवेशक अनुभव डिज़ाइन में कई सुधारों को रेखांकित करता है-एक ऐसे समय में जब भारत की पूंजी बाज़ारों में महिलाओं की भागीदारी अभूतपूर्व गति से बढ़ रही है।

रोडमैप के तहत, धनवेस्टर अपनी सलाहकारी संरचना को और मजबूत करेगा, जिसमें गहन जोखिम आकलन मॉडल, परिष्कृत उपयुक्तता ढांचे और तथा म्यूचुअल फंड वितरण रणनीतियों के लिए स्पष्ट, लक्ष्य-आधारित आवंटन मार्ग शामिल हैं। 2026 के लिए फर्म का सलाहकारी दृष्टिकोण दीर्घकालिक वित्तीय नियोजन, उत्पाद स्पष्टता और निर्णय लेने में सरलता पर आधारित है, ताकि महिलाओं को उनके जीवन-चरण, आर्थिक परिस्थितियों और वेल्थ आकांक्षाओं के अनुरूप मार्गदर्शन मिल सके।

रणनीतिक रोडमैप पर बात करते हुए, धनवेस्टर की संस्थापक एवं सीईओ, अनुश्का सोहम बाथवाल ने कहा भारत की महिलाएं अब धन-सृजन में दर्शक नहीं रहीं वे अपने वित्तीय भविष्य की सक्रिय निर्माता बन रही हैं। हमारा 2026 सलाहकारी रोडमैप इसी बदलाव को दर्शाता है-जो उत्पाद-केंद्रित शोर की बजाय स्पष्टता, अनुशासन और दीर्घकालिक संरेखण को प्राथमिकता देता है। साथ ही, धनवेस्टर अपने पी.एम.एस और म्यूचुअल फंड वितरण से जुड़े विकसित होते मानकों के अनुरूप गवर्नेंस एवं निवेशक संरक्षण ढांचे को भी और मजबूत करेगा। उन्नत ढांचा संचार में अधिक पारदर्शिता, मजबूत उपयुक्तता दस्तावेज़ीकरण, सख्त समीक्षा चक्र और डेटा गोपनीयता उपायों के विस्तार पर केंद्रित रहेगा। फर्म एक बाहरी गवर्नेंस समूह का गठन भी कर रही है, जिसमें वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र की अनुभवी महिला पेशेवर शामिल होंगी, ताकि स्वतंत्र निगरानी सुनिश्चित की जा सके और सलाहकारी अनुशासन को संगठन-स्तर पर उन्नत किया जा सके। बाथवाल ने आगे कहा महिलाओं की निवेश व्यवहार की नींव विश्वास है। हमारे लिए गवर्नेंस को मजबूत करना कोई नियामक बाध्यता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। धनवेस्टर का 2026 रोडमैप अपने दीर्घकालिक लक्ष्य को भी रेखांकित करता है-एक महिला-प्रथम वेल्थ आर्किटेक्चर तैयार करना, जो सलाहकारी स्पष्टता, मजबूत गवर्नेंस और सरलता-आधारित डिज़ाइन पर आधारित हो। बाथवाल ने कहा अगला दशक उन महिलाओं द्वारा परिभाषित होगा जो उद्देश्यपूर्ण और जानकारीपूर्ण तरीके से निवेश करेंगी। धनवेस्टर उनके इस सफर में एक विश्वसनीय साथी के रूप में खड़ा रहना चाहता है।